चिकित्सा मंत्री ने किया 7 जनता क्लिनिकों का लोकार्पण

जयपुर, 20 मार्च। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कोरोना से बचाव एवं रोकथाम को ध्यान रखते हुए शुक्रवार को प्रातः अपने राजकीय निवास पर ही शिलापट्ट का अनावरण कर शहर के 7 जनता क्लिनिक का लोकार्पण कर दिया।

लोकार्पण के बाद धानका बस्ती, कम्यूनिटी हॉल, हसनपुरा, सामुदायिक केन्द्र इन्द्रा नगर झालाना डूंगरी, सेक्टर-8 प्रताप नगर, सेक्टर-3 प्रताप नगर, सुमेर नगर सांगानेर, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा एवं शेखावाटी परिषद विद्याधर नगर में चिकित्सा सुविधाओं का शुभारम्भ कर दिया है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि आमजन को उनके निवास के पास ही तत्काल चिकित्सा सुविधाएं सुलभ कराने तथा कोरोना को ध्यान में रखते हुए औपचारिक समारोह आयोजित करने की बजाय सांकेतिक शुभारम्भ किया गया है। इन चिकित्सालयों में 329 तरह की निःशुल्क दवाएं एवं 7 तरह के कार्ड टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। अन्य सुविधाओं में एएनसी चेकअप एवं टीकाकरण भी किया जा रहा है। इसके अलावा कोरोना से संबंधित परामर्श दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले संचालित 5 जनता क्लिनिकों में अब तक 20 हजार से अधिक मरीजों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करावाई जा चुकी हैं। प्रथम जनता क्लिनिक का उद्घघाटन मुख्यमंत्री द्वारा 18 दिसम्बर को किया गया था। इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में करीब 500 जनता क्लिनिक खोले जाएंगे।

इस अवसर पर स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. राजा चावला, सीएमएचओ प्रथम डॉ. नरोत्तम शर्मा, सीएमएचओ द्वितीय डॉ. हंसराज भी मौजूद थे।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **18/4/2020**
You are visitor No.:

001688713

Website Policies (/content/dipr/en/websitepolicies.html) | Disclaimer (/content/dipr/en/disclaimer.html) |

Accessibility (/content/dipr/en/accessibility.html) | Sitemap (/content/dipr/en/sitemap.html)

Nodal Officer: **Sh. Arun Kumar Joshi**

Designation : Joint Director(News)

Mobile Number : 9610409010

Email: dpr-comp-rj@nic.in

This website belongs to Information and Public Relations Department

We're on social networks

(https://www.facebook.com/DIPRRajasthan/) (https://twitter.com/dipr_rajasthan) (https://www.youtube.com/channel/UC2oIZW3EmG59rjejhn

(https://validator.w3.org/) (https://jigsaw.w3.org/css-validator/check/referer)